an>

Title: Regarding flood situation in Kota Parliamentary Constituency.

श्री ओम बिरला (कोटा) : सभापति जी, राजस्थान के हड़ौती सम्भाग में भारी बाढ़ के कारण अनुमानित 15 से 20 लोगों की दुर्घटना से मृत्यु होने का समाचार आया है। इतना ही नहीं, सारे आवागमन के रास्ते बंद हो चुके हैं। लोगों को मूलभूत जरूरतें जैसे सब्जी, दूध और खाने की अन्य चीजों की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। रेल मार्ग और सड़क मार्ग भी बंद हो चुका है। खेत पानी से लबालब भरे हुए हैं। लगातार बारिश आने से बाढ़ की खराब हालत है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के तहत जिन लोगों की मृत्यु हो गई है, जिनके मकान गिर गए हैं और खेत बर्बाद हो गए हैं, कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ सम्भाग में तीन-तीन फीट पानी आज भी भरा हुआ है, लाइट बंद है, बच्चे भूख से मर रहे हैं। ऐसी हालत वहां खराब हो रही है। इसलिए तुरंत ही केन्द्र और राज्य सरकार हालात को सुधारें और राष्ट्रीय आपदा कोष के तहत उन्हें सहायता भी दें तथा डिजास्टर टीम वहां पहुंचकर बाढ़ पीड़ित लोगों को बचाने की व्यवस्था भी करे।

HON. CHAIRPERSON : The time of the House is extended by another half-an-hour to accommodate the hon. Members who want to speak.